Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A. Sc. Com/H/23**

**2 0 2 3**

## HINDI

## ( Modern Indian Language )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्यपुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) बाजार की सार्थकता है आवश्यकता के समय काम नहीं आना।

(ख) अच्छी बात या अच्छी कविता का बनना सही बात का सही शब्द से जुड़ना होता है।

(ग) जाति-प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण है।

(घ) कवि भोर के आसमान का मूकद्रष्टा है।

(ङ) श्रीनगर के राजा दंगल और शिकार प्रिय वृद्ध व्यक्ति थे।

(च) अपने को जानना दुनिया को जानने से ज्यादा कठिन है।

(छ) चार्ली चैप्लिन की फिल्में भावनाओं पर टिकी हुई हैं बुद्धि पर नहीं।

(ज) सिख बीबी सफ़िया के लिए लाहौरी नमक लाना चाहती है।

(झ) किसान मजदूर की आकांक्षाएँ बादल को नव-निर्माण के राग के रूप में पुकार रही है।

(ञ) 'कवितावली' सूरदास की रचना है।

(ट) ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर कोई भी असर नहीं होता था।

(ठ) बाजार में एक जादू है, वह जादू आँख की राह काम करता है।

**2.** कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **पाँच**) : 1×5=5

(क) मैं निज रोदन में ______ लिए फिरता हूँ। (आग/राग)

(ख) 'शेर के बच्चे' का असल नाम ______ था। (लुट्टन सिंह/चाँद सिंह)

(ग) कवि बादल का आह्वान ______ के रूप में कर रहा है। (क्रांति/शांति)

(घ) भगत जी बाजार में ______ बेचते हैं। (चूरन/कपड़े)

(ङ) 16 अप्रैल, 1989 को ______ के जन्म के सौ साल पूरे हो गए। (राज कपूर/चार्ली चैप्लिन)

(च) आर्थिक पहलू से भी ______ हानिकारक प्रथा है। (जाति-प्रथा/दहेज-प्रथा)

(छ) 'रामचरितमानस' ______ कांडों में विभाजित है। (सात/आठ)

**3.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **पाँच**) : 1×5=5

(क) 'बात की चूड़ी मर जाना' का क्या अर्थ है?

*(i)* बात का पकड़ में न आना

*(ii)* बात में कसावट का न होना

*(iii)* बात का प्रभावहीन हो जाना

*(iv)* बात को सहज और स्पष्ट करना

(ख) ''स्लेट पर या लाल खड़िया चाक।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* बादल राग

*(ii)* कवितावली

*(iii)* आत्मपरिचय

*(iv)* उषा

(ग) ''क्या सब कानून हुकूमत के ही होते हैं, कुछ मुहब्बत, मुरौवत, आदमियत, इंसानियत के नहीं होते?'' यह पंक्ति किस पाठ की है?

*(i)* नमक

*(ii)* पहलवान की ढोलक

*(iii)* चार्ली चैप्लिन यानी हम सब

*(iv)* बाजार दर्शन

(घ) किस कलाकार ने न सिर्फ फिल्म कला को लोकतांत्रिक बनाया बल्कि दर्शकों की वर्ग तथा वर्ण-व्यवस्था को तोड़ा?

*(i)* राज कपूर

*(ii)* दिलीप कुमार

*(iii)* अमिताभ बच्चन

*(iv)* चार्ली चैप्लिन

(ङ) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' नामक प्रसंग 'रामचरितमानस' के किस कांड से अवतरित है?

*(i)* बालकांड

*(ii)* सुंदरकांड

*(iii)* लंकाकांड

*(iv)* उत्तरकांड

(च) 'पर्चेजिंग पावर' का क्या अर्थ है?

*(i)* बेचने की शक्ति

*(ii)* शारीरिक शक्ति

*(iii)* खरीदने की शक्ति

*(iv)* मानसिक शक्ति

(छ) ''मेरा आदर्श-समाज स्वतंत्रता, समता, भ्रातृता पर आधारित होगा।'' यह उक्ति किसकी है?

*(i)* महात्मा गाँधी

*(ii)* पंडित जवाहरलाल नेहरू

*(iii)* डॉ० भीमराव आंबेडकर

*(iv)* लाल बहादुर शास्त्री

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *100* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) मेघालय में पर्यटन की संभावनाएँ

(ख) आदर्श अध्यापक

(ग) आजादी का अमृत महोत्सव

(घ) विद्यार्थी और फैशन

(ङ) बढ़ती महँगाई

**5.** आपके क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों को अंधाधुंध काटा जा रहा है। इसकी शिकायत करते हुए जिले के वन-निरीक्षक को पत्र लिखिए। 10

**अथवा**

आपका मित्र वार्षिक परीक्षा में असफल हो गया है। उसे दुबारा मन लगाकर परिश्रम से पढ़ने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपने शिलांग में किस तरह स्वतंत्रता दिवस मनाया? इसे बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

भोजन संबंधी भूलों में सबसे बड़ी भूल बिना भूख खाना है। बिना भूख खाना अपने शरीर के साथ अपराध करना है। प्रायः लोगों का विचार है कि अधिक खाने से शरीर हृष्ट-पुष्ट होता है और कम खाने से शरीर कमजोर हो जाता है। यह धारणा बिलकुल गलत और स्वास्थ्य के नियमों का ज्ञान न होने का सूचक है। सभ्य समझी जाने वाली जातियों में यह प्रथा अधिक प्रचलित है। यही कारण है कि उनमें अपच का रोग बहुत अधिक होता है। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो भूख न लगने पर भी भोजन करता है। अन्य कोई प्राणी बिना तेज भूख लगे भोजन नहीं करता। कई व्यक्ति भोजन केवल एक बार करते हैं। इस प्रकार के व्यक्ति केवल अभ्यासवश भोजन करते हैं और प्रायः उसे अपना कर्तव्य समझते हैं। भोजन को कभी कर्तव्य नहीं समझना चाहिए और न ही उसका अभ्यास डालना चाहिए। भोजन ऐसा होना चाहिए जो संतुलित हो, ताजा हो और शीघ्र पच जाने वाला हो। ऐसा भोजन करने से हम दीर्घायु, स्वस्थ तथा नीरोग होते हैं।

*(i)* बिना भूख खाना खाने को अपराध क्यों कहा गया है?

*(ii)* भोजन के संबंध में लोगों में कौन-सी धारणा फैली है? यह धारणा किसका परिणाम है?

*(iii)* सभ्य समझी जाने वाली जातियाँ अपच का शिकार क्यों बनती हैं?

*(iv)* हमारे भोजन की क्या विशेषता होनी चाहिए?

*(v)* उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए (कोई **चार**) : 1×4=4

(अ) हिम + आलय
(आ) देव + इंद्र
(इ) उत् + गम
(ई) नमः + कार
(उ) सम + यम
(ऊ) ने + अन

*(ii)* निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कीजिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) दशानन

(आ) बेशक

(इ) नीलगाय

(ई) रेलगाड़ी

(उ) त्रिफला

*(iii)* निम्नलिखित वाक्यों में से सरल, मिश्रित और संयुक्त वाक्य पहचानिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) माँ भोजन पका रही है।

(आ) श्याम बाजार गया और मेरे लिए खिलौना लाया।

(इ) गाँधीजी ने कहा कि सदा सत्य बोलो, हिंसा मत करो।

(ई) सूर्य पूर्व से निकलता है।

(उ) अपना काम भी करो तथा दूसरों की सहायता भी करो।

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**7.** निम्नलिखित पद्यों/अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने

**अथवा**

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाए
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनाई दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह वाह!

**अथवा**

खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि,
बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी
जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस
कहैं एक एकन सों 'कहाँ जाई, का करी?'

(ख) विजयी लुट्टन कूदता-फाँदता, ताल-ठोंकता सबसे पहले बाजे वालों की ओर दौड़ा और ढोलों को श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया। फिर दौड़कर उसने राजा साहब को गोद में उठा लिया। राजा साहब के कीमती कपड़े मिट्टी में सन गए।

**अथवा**

चार्ली की अधिकांश फिल्में भाषा का इस्तेमाल नहीं करतीं इसलिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा मानवीय होना पड़ा। सवाक् चित्रपट पर कई बड़े-बड़े कॉमेडियन हुए हैं, लेकिन वे चैप्लिन की सार्वभौमिकता तक क्यों नहीं पहुँच पाए इसकी पड़ताल अभी होने को है।

**अथवा**

जब सफ़िया अमृतसर के पुल पर चढ़ रही थी तब पुल की सबसे निचली सीढ़ी के पास वे सिर झुकाए चुपचाप खड़े थे। सफ़िया सोचती जा रही थी किसका वतन कहाँ है—वह जो कस्टम के इस तरफ है या उस तरफ।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : 2×5=10

(क) बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या असर होता है?

(ख) चार्ली चैप्लिन के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) वृद्ध राजा की मृत्यु के बाद लुट्टन के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

(घ) 'अशनि-पात से शापित उन्नत शत-शत वीर' पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है?

(ङ) "जहाँ पर दाना रहते हैं, वहाँ नादान भी होते हैं।" कवि ने ऐसा क्यों कहा होगा?

(च) भीमराव आंबेडकर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(छ) भाषा को सहूलियत से बरतने से क्या अभिप्राय है?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5×2=10

(क) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किसे कहा और क्यों? गाँधी और नेहरू ने भी उनका सान्निध्य क्यों चाहा?

(ख) बाजार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौन-सा पहलू उभरकर आता है?

(ग) पठित छंदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि तुलसीदास को अपने युग की आर्थिक विषमता की अच्छी समझ है।

(घ) कवि ने भोर के नभ की तुलना किन-किन चीजों से की है? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) नमक की पुड़िया ले जाने के संबंध में सफिया के मन में क्या द्वंद्व था?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) ऐन के परिवार को अज्ञातवास में जाने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा?

(ख) ऐन के साथ कौन-कौन से लोग छिपे थे, उनका नाम लिखिए।

(ग) कुलधरा के विषय में लेखक ने क्या विचार व्यक्त किया है?

(घ) समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर ऐन ने क्या विचार व्यक्त किया है?

(ङ) क्या हम सिंधु घाटी सभ्यता को जल संस्कृति कह सकते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(च) निम्न वर्ग के मकानों के बारे में लेखक का क्या अनुमान है?

(छ) ऐन अपनी सहायता करने वाले लोगों के बारे में क्या विचार व्यक्त करती है?

★★★